**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

**जनसंपर्क कार्यालय**

**PUBLIC RELATIONS OFFICE**


ज्ञान शांति मैत्री

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**हिंदी विवि में मनाया चक्रधर स्वामी अवतरण दिवस 'चक्रधर स्वामी का सांस्कृतिक अवबोध' विषय पर हुई संगोष्ठी**

## चक्रधर स्वामी लोकतांत्रिक समाज की स्थापना में अग्रणी थे : प्रो. कृष्ण कुमार सिंह

वर्धा, 06 सितंबर 2024 : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में चक्रधर स्वामी अवतरण दिवस के अवसर पर गुरुवार, 05 सितंबर को महादेवी वर्मा सभागार में 'चक्रधर स्वामी का सांस्कृतिक अवबोध' विषय पर कुलपति प्रो. कृष्ण कुमार सिंह की अध्यक्षता





में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कुलपति प्रो. कृष्ण कुमार सिंह ने कहा कि चक्रधर स्वामी ने समाज में व्याप्त वैशम्य व असमानता से टकराते हुए स्थापित व्यवस्था को टक्कर दी। लोकतांत्रिक समाज की स्थापना करने में वे अग्रणी रहे। उन्होंने समग्र भारतीय साहित्य की पूर्वपीठिका निर्मित करते हुए मध्यकाल के सांस्कृतिक अवबोध में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता नागपुर के भारत भूषण शास्त्री, सारस्वत अतिथि डॉ. बाबासाहेब बीडकर एवं संभाजीनगर के चक्रधर कोठी, दर्शन एवं संस्कृति विभाग के अतिथि अध्यापक डॉ. मनोज मुनेश्वर एवं श्री विशाल हिवरखेडकर ने संबोधित किया।

कुलपति प्रो. सिंह ने सामाजिक रूपांतरण में संत कबीर, बुद्ध, महावीर, बसवन्ना, संत तुकाराम और कालीदास आदि के योगदान का संदर्भ देते हुए 19वीं शताब्दी में महात्मा ज्योतिबा फुले और बाद में बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के योगदान का उल्लेख किया और कहा कि आठ सौ साल पहले चक्रधर स्वामी ने सीमाओं में रहकर स्थापित व्यवस्था पर चोट कर सामाजिक समता का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने विश्वास जताया कि उनका अप्रकाशित साहित्य सामने आने पर उनके योगदान से आने वाली पीढ़ी परिचित हो सकेगी।

भारत भूषण शास्त्री ने कहा कि चक्रधर स्वामी ने वैदिक परंपरा में सुधार करते हुए दार्शनिक, सामाजिक व स्त्री वाद का कार्य किया। उन्होंने बताया कि महानुभाव संप्रदाय में 52 लिपियों में 6500 ग्रंथ मौजूद हैं। चक्रधर कोठी ने कहा कि चक्रधर स्वामी ने जनभाषा को ज्ञान भाषा बनाने का प्रयास किया। अन्य वक्ताओं ने भी समयोचित विचार रखे।

कार्यक्रम की प्रास्ताविकी में दर्शन एवं संस्कृति विभाग के एसोशिएट प्रोफेसर डॉ. जयंत उपाध्याय ने बताया कि चक्रधर स्वामी ने भक्ति आंदोलन व सामाजिक समता की धारा प्रवाहित कर महानुभाव संप्रदाय की स्थापना की। महिलाओंको संन्यास की अवधारणा को मानने वाला यह पहला संप्रदाय है। चक्रधर स्वामी के फोटो पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। संचालन मराठी साहित्य विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. संदीप सपकाले ने किया व स्वागत वक्तव्य सहायक प्रोफेसर डॉ. शैलेश मरजी कदम ने किया।

सर्वज्ञ श्री चक्रधर स्वामी मराठी भाषा तथा तत्त्वज्ञान अध्ययन केंद्र, रिद्धपुर, अमरावती की प्रभारी डॉ. नीता मेश्राम आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर अध्यापक, शोधार्थी व विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

---


**पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत**

**ई-मेल/E-mail: mgahvpro@gmail.com, वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org**

**दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305**

**हिंदी विवित चक्रधर स्वामी अवतार दिन साजरा, 'चक्रधर स्वामीचा सांस्कृतिक बोध' या विषयावर चर्चासत्र**
**चक्रधर स्वामी हे लोकतांत्रिक समाजाच्या स्थापनेत अग्रणी होते : प्रो. कृष्ण कुमार सिंह**

वर्धा, 06 सप्टेंबर 2024: महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयात चक्रधर स्वामी अवतार दिनानिमित्त गुरूवार, 05 सितंबर रोजी महादेवी वर्मा सभागृहात कुलगुरू प्रो. कृष्णकुमार सिंह यांच्या अध्यक्षतेखाली चर्चासत्राचे आयोजन करण्यात आले. अध्यक्षीय भाषणात कुलगुरू प्रो. कृष्णकुमार सिंह म्हणाले की चक्रधर स्वामींनी समाजातील विषमतेला तोंड देत प्रस्थापित व्यवस्थेला आव्हान दिले. लोकशाही समाजाची स्थापना करण्यात ते अग्रेसर होते. मध्ययुगीन काळातील सांस्कृतिक बोध वृद्धींगत करण्यात त्यांनी महत्वाची भूमिका बजावली.

यावेळी प्रमुख वक्ते नागपूरचे भारत भूषण शास्त्री, सारस्वत अतिथी डॉ.बाबासाहेब बिडकर व संभाजीनगरचे चक्रधर कोठी, दर्शन व संस्कृती विभागाचे अतिथी शिक्षक डॉ. मनोज मुनेश्वर व श्री. विशाल हिवरखेडकर यांनी संबोधित केले.

कुलगुरू प्रो. सिंह यांनी सामाजिक परिवर्तनातील संत कबीर, बुद्ध, महावीर, बसवन्ना, संत तुकाराम आणि कालिदास आदींच्या योगदानाचा संदर्भ देत १९व्या शतकातील महात्मा ज्योतिबा फुले व नंतर बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर यांच्या योगदानाचा उल्लेख करून सांगितले की आठशे वर्षा आधी चक्रधर स्वामींनी प्रस्थापित व्यवस्थेवर प्रहार करून सामाजिक समतेचा मार्ग मोकळा केला. त्यांचे अप्रकाशित साहित्य समोर येईल, तेव्हा येणाऱ्या पिढ्यांना त्यांच्या योगदानाची ओळख होईल असा विश्वास त्यांनी व्यक्त केला.

भारतभूषण शास्त्री म्हणाले की चक्रधर स्वामींनी वैदिक परंपरेत सुधारणा करताना तात्विक, सामाजिक आणि स्त्रीवादी कार्य केले. महानुभाव पंथात ५२ लिपींमध्ये ६५०० ग्रंथ असल्याचे त्यांनी सांगितले. चक्रधर कोठी म्हणाले की चक्रधर स्वामींनी लोकभाषेला ज्ञानभाषा करण्याचा प्रयत्न केला. यावेळी इतर वक्त्यांनीही समयोचित विचार मांडले.

कार्यक्रमाच्या प्रास्ताविकात दर्शन व संस्कृती विभागाचे असोशिएट प्रोफेसर डॉ. जयंत उपाध्याय म्हणाले की चक्रधर स्वामींनी भक्ती चळवळ आणि सामाजिक समतेचा मार्ग पत्करला व महानुभाव पंथाची स्थापना केली. स्त्रियांच्या संन्यासाची संकल्पना स्वीकारणारा हा पहिला संप्रदाय आहे. चक्रधर स्वामींच्या फोटोला पुष्पहार अर्पण करून कार्यक्रमाची सुरुवात झाली. संचालन मराठी साहित्य विभागाचे सहायक प्रोफेसर डॉ. संदीप सपकाळे यांनी केले तर स्वागत भाषण सहायक प्रोफेसर डॉ. शैलेश मरजी कदम यांनी केले.

सर्वज्ञ श्री चक्रधर स्वामी मराठी भाषा व तत्त्वज्ञान अभ्यास केंद्र, रिद्धपूर (अमरावती) च्या प्रभारी डॉ. नीता मेश्राम यांनी आभार मानले. यावेळी शिक्षक, शोधार्थी व विद्यार्थी मोठ्या संख्येने उपस्थित होते.

पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत
ई-मेल/E-mail: mgahvpro@gmail.com, वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org
दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305